विज्ञापन

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के प्रथम दीक्षान्त समारोह का आयोजन

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा का प्रथम दीक्षान्त समारोह दिनांक 06 मार्च 2025 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल के सभागार में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह हरियाणा के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमान् बंडारू दत्तात्रेय के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। समारोह में वर्ष 2021-2024 के दौरान उत्तीर्ण कुल 527 विद्यार्थियों को स्नातक (शास्त्री/बी.ए) और स्नातकोत्तर (आचार्य/एम.ए) की उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी, तथा सर्वोत्कृष्ट 40 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक से सम्मानित किया जाएगा। उपाधि एवं स्वर्णपदक के लिए पात्र विद्यार्थियों को https://forms.gle/5PLiJUQWR4Ti2toC8 लिंक पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 25 फरवरी 2025 है। दीक्षान्त समारोह का पंजीकरण लिंक एवं अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर उपलब्ध है।

उपकुलसचिव